# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/01**
**Reading and Writing**

## Key messages

- The candidates were generally well-prepared for the examination; their overall performance was good. Most candidates demonstrated an understanding of the context of various texts and engaged with them to answer questions.
- Persistent grammatical and spelling errors were evident in the writing exercises.

## General comments

In order to do well in this examination candidates need to:

- acquire wider vocabulary, secure spellings and grammatical structures
- read the question carefully to provide a complete answer
- practice reading for meaning to understand the context of the text beyond individual words and to identify what is not explicitly said but is implicit in the author's intention.

## Comments on specific questions

**Exercise 1 (Questions 1–6)**

**Questions 1** and **2** were mostly answered correctly. Some weaker candidates could not answer, 'वह एक छोटा विमान ख़रीदना चाहता था'.

**Question 3** was challenging for many of the candidates. This question assesses higher level comprehension skills which requires understanding the author's intention. The answer, 'वह एक इंजीनियर था', was missed out by many candidates.

**Question 4** was mostly answered well.

Some incomplete answers were provided by weaker candidates for **Question 5**.

**Question 6** was answered well.

**Exercise 2 (Questions 7–15)**

Overall performance in the multiple-choice questions was good. Some weaker candidates found **Questions 9**, **10**, **12** and **13** challenging. Some of the answers were invalidated because candidates had ticked two boxes for their answer. A small number of questions were not answered.

**Exercise 3 (Questions 16–19)**

The overall performance of candidates was good in this question. Some wrong answers were given for **Question 18** due to not understanding the meaning of 'प्रसार' in the question. In **Question 19** many


© 2024

candidates could not answer, 'इसके कम से कम 33 प्रतिशत निदेशक दृष्टिबाधित हैं।'. There are many benefits for increasing vocabulary and the ability to understand complex ideas and opinions.

**Exercise 4**

**Question 20**

Some stronger candidates used their own words to write a succinct summary of the text within the word limit. Candidates who lifted chunks of material from the text exceeded the word limit. The summary should be written by organising and sequencing points cohesively leaving out the minor details.

In the last three exercises, the quality of language is assessed separately. Persistent spelling and grammatical errors were present in some of the weaker answers.

**Exercise 5**

**Question 21**

All candidates engaged with the topic well and presented some very practical suggestions to improve the road condition. The quality of language in weaker scripts lacked the use of paragraphs and included an inappropriate use of style and register.

**Exercise 6**

**Question 22**

The topic, advantages and disadvantages of mixed gender education, engaged the stronger candidates to write some thoughtful arguments for and against it in a systematic way. It enabled them to fulfil the task with consistently appropriate register and a very good sense of purpose and audience. Some of the excellent examples of **Exercise 22** were a pleasure to read. Some of the weaker candidates digressed from the topic and wrote about a lack of equal opportunities for girls in society, gender discrimination, parental pressure to pass examinations, home schooling, etc. They were unable to fulfil the task succinctly.

Some better scripts included a wide range of language and complex structures. Many weaker candidates made spelling and grammatical errors even in simple structures.


© 2024

# द्‌वितीय भाषा के रूप में हिंदी

**पेपर Paper 0549/01/01**

**पठन और लेखन**

**मुख्य संदेश**

- अधिकांश परीक्षार्थी परीक्षा के लिए अच्छी तरह से तैयार थे; उनका समग्र प्रदर्शन अच्छा था। अधिकांश परीक्षार्थी प्रश्नों के उत्तर देने के लिए विभिन्न पाठों के संदर्भ से जुड़ सके।
- लेखन अभ्यास में लगातार व्याकरण और वर्तनी संबंधी त्रुटियाँ स्पष्ट थीं।

**सामान्य टिप्पणियाँ**

इस परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए परीक्षार्थियों को चाहिए:

- व्यापक शब्दावली का प्रयोग करें, संरचना में सही वर्तनी और व्याकरण के नियमों का पालन करें।
- प्रश्न को ध्यान से पढ़ कर संपूर्ण प्रश्न का उत्तर दें।
- अलग-अलग शब्दों से परे पाठ के संदर्भ में उसके अर्थ को समझने का अभ्यास करें। पढ़ते समय यह समझने और जानने की ओर ध्यान दें कि क्या स्पष्ट रूप से नहीं कहा गया है लेकिन लेखक के उद्‌देश्य में निहित है।

**विशिष्ट प्रश्नों पर टिप्पणियाँ**

**अभ्यास 1 (प्रश्न 1–6)**

**प्रश्न 1** और **2** के उत्तर अधिकतर सही थे। कुछ कमज़ोर परीक्षार्थी ‘वह एक छोटा विमान खरीदना चाहता था’ उत्तर नहीं दे पाए।

**प्रश्न 3** कई परीक्षार्थियों के लिए चुनौतीपूर्ण था। यह प्रश्न उच्च-स्तरीय समझ-कौशल का आकलन करता है जिसके लिए लेखक के उद्‌देश्य को समझना आवश्यक है। ‘क्योंकि वह एक इंजीनियर था’ उत्तर कई परीक्षार्थी नहीं समझ सके।

**प्रश्न 4** के अधिकांश उत्तर सही दिए गए थे।

**प्रश्न 5** के लिए कमज़ोर परीक्षार्थियों ने कुछ अधूरे उत्तर दिए।

**प्रश्न 6** का उत्तर सही था।


© 2024

**अभ्यास 2 (प्रश्न 7–15)**

बहुविकल्पीय प्रश्नों में समग्र प्रदर्शन अच्छा था। कुछ कमज़ोर परीक्षार्थियों ने **प्रश्न 9**, **10**, **12** और **13** को चुनौतीपूर्ण पाया। कुछ उत्तर अमान्य कर दिए गए क्योंकि परीक्षार्थियों ने अपने उत्तर के लिए दो बॉक्स पर सही के निशान लगा दिए। केवल कुछ ही प्रश्नों के उत्तर नहीं दिए गए।

**अभ्यास 3 (प्रश्न 16–19)**

इस प्रश्न में परीक्षार्थियों का समग्र प्रदर्शन अच्छा था। प्रश्न में 'प्रसार' का अर्थ न समझ पाने के कारण **प्रश्न 18** के लिए कुछ गलत उत्तर दिए गए। प्रश्न 19 में कई परीक्षार्थी इसका उत्तर, 'इसके कम से **कम 33** प्रतिशत निर्देशक दृष्टिबाधित हैं', नहीं दे पाए। शब्दावली ज्ञान बढ़ाने और जटिल विचारों और लेखक की राय को समझने की क्षमता बढ़ाने से इस प्रकार के प्रश्नों के सही उत्तर दिए जा सकेंगे।

**अभ्यास 4**

**प्रश्न 20**

कुछ सक्षम परीक्षार्थियों ने शब्द सीमा के भीतर पाठ का संक्षिप्त सारांश लिखने के लिए अपने शब्दों का उपयोग किया। जिन परीक्षार्थियों ने पाठ से सामग्री के अंश ज्यों के त्यों उतारे, उनके उत्तर अभ्यास की शब्द सीमा से अधिक थे। सारांश लिखते समय नगण्य विवरणों को छोड़कर मुख्य बिंदुओं को व्यवस्थित और अनुक्रमित करके लिखा जाना चाहिए।

अंतिम तीन अभ्यासों में, भाषा की गुणवत्ता का अलग-अलग मूल्यांकन किया जाता है। कुछ कमजोर उत्तरों में लगातार वर्तनी और व्याकरण संबंधी त्रुटियाँ पाई गईं।

**अभ्यास 5**

**प्रश्न 21**

सभी परीक्षार्थियों ने विषय को अच्छी तरह से समझा और सड़क के गड्ढों की स्थिति को सुधारने के लिए कुछ बहुत ही व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। कुछ कमजोर उत्तरों में भाषागत त्रुटियाँ, प्रत्येक बिंदु के लिए अलग से पैराग्राफ न बनाने, विषय के अनुरूप शैली और रजिस्टर की कमी आदि शामिल थे।

**अभ्यास 6**

**प्रश्न 22**

मिश्रित-लिंग-शिक्षा के लाभ और हानि विषय के पक्ष और विपक्ष ने सक्षम परीक्षार्थियों को व्यवस्थित तरीके से कुछ विचारशील तर्क लिखने के लिए प्रेरित किया। उन लेखों में विषय के उद्‌देश्य और पाठक के अनुरूप शैली तथा रजिस्टर की अच्छे समझ के उदाहर्ण देखने को मिले। अभ्यास 22 के कुछ श्रेष्ठ लेखों को पढ़ना एक आनंददायक अनुभव था। कुछ कमज़ोर परीक्षार्थियों ने विषयांतर करके समाज में लड़कियों के लिए समान अवसरों की कमी, लिंग-भेदभाव, परीक्षा


© 2024

पास करने के लिए माता-पिता के दबाव, घर पर पढ़ाई आदि के बारे में लिखा। वे प्रश्न के विषय को सम्बोधित करने में असमर्थ थे।

कुछ उत्कृष्ट श्रेणी के लेखों में व्याकरण-सम्मत, विषयानुकूल भाषा और संश्लिष्ट वाक्य संरचना के उदाहरण शामिल थे। कई कमज़ोर परीक्षार्थियों ने सरल वाक्य संरचनाओं में भी वर्तनी और व्याकरण संबंधी गलतियाँ कीं।


© 2024

# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/02 English**
**Paper 2**

**Key messages**

In order to do well in this examination, candidates should:

- Write their answers as clearly as possible so that the meaning can be understood.
- Take care to include all the relevant details in their answers to the questions in **Exercise 3**.

**General comments**

Overall, candidates performed quite well in this examination and the full range of ability was observed. Most candidates attempted all the questions in the paper, but a minority of candidates did not attempt more challenging or advance questions and left them blank.

For this component, credit is given for communication of the correct information. Answers are not assessed for accuracy of spelling. However, if language errors change the meaning or the meaning is unclear, the answer cannot be given credit.

**Comments on specific questions**

**Exercise 1**

**Questions 1 – 6**

The majority of candidates performed reasonably well on this exercise. **Questions 1 – 6** require short answers, and most candidates did fairly well. There were variations in the spelling of some words. Some of the words are part of basic vocabulary and candidates are expected to be able to spell them correctly. Marks were awarded if the misspelled word did not change the meaning, but not for answers where it changed the meaning such as, for example in **Question 2**, ‘dair ho jayaigi’ देर instead of the ढेर। ‘dhair ho jayegi’.

**Question 1**

This was mostly answered correctly. Several candidates wrote ‘champion’. Lots of spelling variations were present.

**Question 2**

Most of the candidates answered correctly, but some wrote because of ‘no spare tyre’ and lost the mark.

**Question 3**

Most of the candidates achieved the mark, but a few candidates wrote because ‘the Supreme court has taken charge’ and lost the mark.

**Question 4**

A number of candidates wrote the wrong answer. Instead of hot food they wrote ‘samosa’ or ‘ras mlayee’.



© 2024

**Question 5**

This question was challenging for many candidates. Most of the candidates did not understand or listen to the question properly and gave the wrong answer. Instead writing 'Umas', they wrote the distractor words like 'storm' or 'rain'.

**Question 6**

Lots of candidates answered correctly despite many variations of 'tabalaa'.

**Question 7**

**(i) – (viii)** Candidates were required to fill in the blank spaces with the appropriate word. There was a variation of answers in this section, but many candidates picked up the words from the audio well and answered the question properly and scored the marks. As in the previous section, accuracy of spelling was a major issue which are changing the meaning or not fitting correctly in its correct form. There were many variations in the spelling of words and some of the words did not fit correctly in the sentence.

**Questions 8 – 15**

These questions were intended to be more challenging. Attention to detail and the use of precise vocabulary were both required. Some still offered one or two-word answers with insufficient detail which led to marks being lost.

**Question 8**

Most of the candidates were able to answer this question correctly.

**Question 9**

Most of the candidates answered this section well. Stronger candidates chose the correct word from the audio but still some weaker candidates answered with the wrong word which made the sentence grammatically wrong and lost the mark.

**Question 10**

Many candidates understood the question and interpreted the correct answer from the audio, yet some candidates could not infer the correct type of data for the question and missed the keyword or wrote the answer in singular form and expectation was to write in plural.

**Question 11**

This was answered correctly by most of the candidates.

**Question 12**

Many of the candidates were not able to answer this question correctly.

**Question 13**

Some of the candidates answered the question correctly and wrote either the exact answer provided in the mark scheme or a variation of which when pronounced sounded similar. However, the wrong answer was identified on many occasions.

**Question 14**

Some of the candidates wrote this answer correctly. Many of the candidates got this question incorrect by either giving a completely random answer or a grammatically incorrect answer.


© 2024

**Question 15**

Some candidates found this question straightforward and answered the question correctly with the correct spelling or a variation of which we had accepted from the mark scheme.

**Questions 16 – 23**

Some of the candidates got **Question 16** and **23** correct. Only a few candidates scored higher marks in this section. The majority of the candidates did not score marks for **Question 17**, **18**, **21** and **22**, this shows that they found this section (**Questions 16–23**) challenging. It been observed on many occasions candidates choose the correct answer first, but then change the answer to a wrong option and scored fewer marks.

**Summary**

Candidates should listen to the recording very carefully and develop techniques and strategies to enable them to identify and select appropriate details for their answers. There is a need to work on emerging Hindi vocabulary to access some questions and also to focus on sounds and letters, paying particular attention to similar-sounding letters. Teachers should also try dictation activities with their candidates regularly in class. Candidates should gain as much practice as possible at listening exercises or news in class and attempt past papers under timed conditions. All this would certainly help to raise the overall standard.


© 2024

# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/02**
**Paper 2**

**विशेष टिप्पणी**

इस परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए परीक्षार्थियों को चाहिए:

- अपने उत्तर यथासंभव स्पष्ट लिखें ताकि अर्थ समझा जा सके।
- अभ्यास **3** के प्रश्नों के उत्तर में सभी प्रासंगिक विवरण शामिल करने का ध्यान रखें।

**सामान्य टिप्पणियां**

कुल मिलाकर, इस परीक्षा में परीक्षार्थियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया और उनकी योग्यता की पूरी श्रृंखला देखी गई। अधिकांश परीक्षार्थियों ने प्रश्नपत्र के सभी प्रश्नों को हल किया, लेकिन कुछ परीक्षार्थियोंने अधिक चुनौतीपूर्ण या उन्नत प्रश्नों को हल नहीं किया और उन्हें खाली छोड़ दिया।

इस पेपर में सही जानकारी के सम्प्रेषण पर अंक दिये गये हैं। वर्तनी की त्रुटि के आधार पर जवाब का मूल्यांकन नहीं किया गया फिर भी यदि भाषा त्रुटि से शब्दार्थ बदल जाए या अर्थ स्पष्ट न हो तो अंक नहीं दिये गए।

**विशिष्ट प्रश्नों पर टिप्पणियाँ**

**अभ्यास 1**

**प्रश्न 1 – 6**

अधिकांश परीक्षार्थियों ने इस अभ्यास में काफी अच्छा प्रदर्शन किया। **प्रश्न 1 – 6** के लिए संक्षिप्त उत्तर की आवश्यकता थी, और अधिकांश परीक्षार्थियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। कुछ शब्दों की वर्तनी में भिन्नता थी। इनमें से कुछ शब्द बुनियादी शब्दावली का हिस्सा हैं और परीक्षार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे उनकी वर्तनी सही ढंग से लिख सकें। यदि ग़लत वर्तनी वाले शब्द से अर्थ नहीं बदलता तो अंक दिए जाते थे, लेकिन उन उत्तरों के लिए नहीं जहाँ अर्थ बदल जाता था जैसे कि,उदाहरण के लिए **प्रश्न 2** में. देर हो जाएगी ‘की जगह’ ‘ढेर हो जाएगी’।

**प्रश्न 1**

इसका उत्तर अधिकतर सही दिया गया। कई परीक्षार्थियों ने ‘चैंपियन’ लिखा। वर्तनी में बहुत सारी भिन्नताएं मौजूद थीं।



© 2024

**प्रश्न 2**

अधिकांश परीक्षार्थियों ने सही उत्तर दिया, लेकिन कुछ ने 'स्पेयर टायर नहीं होने' के कारण उत्तर गलत लिखा और अंक गंवा दिए।

**प्रश्न 3**

अधिकांश परीक्षार्थियों ने अंक प्राप्त कर लिए, लेकिन कुछ परीक्षार्थियोंने लिख दिया कि 'सुप्रीम कोर्ट ने कार्यभार संभाल लिया है' और वे अंक खो बैठे।

**प्रश्न 4**

कई परीक्षार्थियों ने गलत उत्तर लिखा। गर्म भोजन के स्थान पर उन्होंने 'समोसा' या 'रसमलाई' लिखा।

**प्रश्न 5**

यह प्रश्न कई परीक्षार्थियों के लिए चुनौतीपूर्ण था। अधिकांश परीक्षार्थी प्रश्न को ठीक से समझ नहीं पाए या सुन नहीं पाए और गलत उत्तर दे दिया। 'उमस' लिखने के स्थान पर उन्होंने 'तूफान' या 'बारिश' जैसे ध्यान भटकाने वाले शब्द लिखे।

**प्रश्न 6**

'तबला' के अनेक रूपों के बावजूद कई परीक्षार्थियों ने सही उत्तर दिए।

**प्रश्न 7**

**(i) – (viii)** परीक्षार्थियों को रिक्त स्थानों को उचित शब्द से भरना था। इस खंड में उत्तरों में भिन्नता थी, लेकिन कई परीक्षार्थियों ने ऑडियो से शब्दों को अच्छी तरह से समझा और प्रश्न का सही उत्तर दिया और अंक प्राप्त किए। पिछले खंड की तरह, वर्तनी की शुद्धता एक बड़ा मुद्दा था जो अर्थ को बदल रहा था या उसके सही रूप में सही ढंग से फिट नहीं हो रहा था। शब्दों की वर्तनी में कई भिन्नताएँ थीं और कुछ शब्द वाक्य में सही ढंग से फिट नहीं हुए।

**प्रश्न 8 – 15**

ये प्रश्न अधिक चुनौतीपूर्ण होने थे। विवरण पर ध्यान देना और सटीक शब्दावली का उपयोग करना दोनों आवश्यक थे। कुछ ने अपर्याप्त विवरण के साथ एक या दो-शब्द के उत्तर दिए, जिससे अंक कम हो गए।

**प्रश्न 8**

अधिकांश परीक्षार्थी इस प्रश्न का सही उत्तर देने में सक्षम थे।


© 2024

**प्रश्न 9**

अधिकांश परीक्षार्थियों को इस खंड का उत्तर अच्छी तरह से दिया। मजबूत परीक्षार्थियों ने ऑडियो से सही शब्द चुना, लेकिन फिर भी कुछ कमजोर परीक्षार्थियों ने गलत शब्द के साथ उत्तर दिया, जिससे वाक्य व्याकरणिक रूप से गलत हो गया और अंक कम हो गए।

**प्रश्न 10**

कई परीक्षार्थियों ने प्रश्न को समझा और ऑडियो से सही उत्तर की व्याख्या की, फिर भी कुछ परीक्षार्थी प्रश्न के लिए सही प्रकार के डेटा का अनुमान नहीं लगा सके और बीज शब्द को भूल गए या उत्तर को एकवचन रूप में लिख दिया परन्तु बहुवचन में लिखने की अपेक्षा थी।

**प्रश्न 11**
अधिकांश परीक्षार्थियों ने इसका उत्तर सही दिया।

**प्रश्न 12**

कई परीक्षार्थियों ने इस प्रश्न का सही उत्तर नहीं दिया।

**प्रश्न 13**

कुछ परीक्षार्थियों ने प्रश्न का सही उत्तर दिया और या तो अंक योजना में दिए गए उत्तर को सही लिखा या फिर उसका कोई भिन्न रूप लिखा, जिसका उच्चारण करने पर वह समान लगता था। हालांकि, कई मौकों पर गलत उत्तर की पहचान की गई।

**प्रश्न 14**

कुछ परीक्षार्थियों ने इस प्रश्न का उत्तर सही लिखा। कई परीक्षार्थियों ने या तो पूरी तरह से बेतरतीब उत्तर दिया या व्याकरणिक रूप से गलत उत्तर देकर इस प्रश्न को गलत कर दिया।

**प्रश्न 15**

कुछ परीक्षार्थियों को यह प्रश्न सीधा लगा और उन्होंने सही वर्तनी या अंक योजना से स्वीकार किए गए भिन्न रूप के साथ प्रश्न का सही उत्तर दिया।

**प्रश्न 16 – 23**

कुछ परीक्षार्थियों ने **प्रश्न 16** और **23** को सही पाया। इस खंड में केवल कुछ परीक्षार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त किए। अधिकांश परीक्षार्थियों ने **प्रश्न 17**, **18**, **21** और **22** के लिए अंक प्राप्त नहीं किए, इससे पता चलता है कि उन्हें यह खंड (**प्रश्न 16–23**) चुनौतीपूर्ण लगा। कई मौकों पर यह देखा गया है कि परीक्षार्थियों ने पहले सही उत्तर दिया, लेकिन फिर उत्तर को गलत विकल्प में बदल दिया और कम अंक प्राप्त हुए।


© 2024

**सारांश**

परीक्षार्थियों को रिकॉर्डिंग को बहुत ध्यान से सुनना चाहिए और अपने उत्तरों के लिए उपयुक्त विवरणों की पहचान करने और चयन करने में सक्षम बनाने के लिए तकनीक और रणनीति विकसित करनी चाहिए। कुछ प्रश्नों तक पहुँचने के लिए उभरती हुई हिंदी शब्दावली पर काम करने की आवश्यकता है और ध्वनियों और अक्षरों पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए, विशेष रूप से समान ध्वनि वाले अक्षरों पर ध्यान देना चाहिए। शिक्षकों को भी कक्षा में नियमित रूप से अपने उम्मीदवारों के साथ श्रुतलेख गतिविधियाँ आज़मानी चाहिए। परीक्षार्थियों को कक्षा में सुनने के अभ्यास या समाचारों का जितना संभव हो उतना अभ्यास करना चाहिए और समयबद्ध परिस्थितियों में पिछले पेपर हल करने चाहिए। यह सब निश्चित रूप से समग्र मानक को बढ़ाने में मदद करेगा।



© 2024

# द्वितीय भाषा के रूप में हिंदी

**पेपर Paper 0549/03**

**हिंदी संभाषण परीक्षा**

**<u>मुख्य संदेश</u>**

- सभी परीक्षार्थियों के साथ निष्पक्षता बनाए रखने के लिए, संभाषण परीक्षा के प्रत्येक भाग के लिए निर्धारित समय का पालन करना महत्वपूर्ण है। प्रस्तुति, 2 – 3 मिनट, विषय वार्तालाप, 4 – 5 मिनट और सामान्य वार्तालाप, 4 – 5 मिनट समय का होना चाहिए।
- **भाग 2**, विषय वार्तालाप और **भाग 3**, सामान्य वार्तालाप को परस्पर संवादात्मक रूप में आयोजित किया जाना चाहिए, न कि शिक्षक/परीक्षक से कुछ प्रश्नों के साथ परीक्षार्थियों की ओर से एक और प्रस्तुति या एकालाप। केवल एकालाप द्वारा परीक्षार्थी परीक्षक के प्रश्न का आशय समझ करके उसका उत्तर देने का कौशल दिखाने के अवसर से वंचित रह जाएँगे जिससे उनका सही आकलन नहीं हो पाएग़ा।
- परीक्षकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विषय वार्तालाप और सामान्य वार्तालाप दोनों भागों में पूछे जाने वाले प्रश्न परीक्षार्थियों को अपनी राय और औचित्य व्यक्त करने के लिए भरपूर अवसर प्रदान करें ताकि उनका आकलन मार्क स्कीम के उच्च स्तर तक के लिए हो सके।
- वार्तालाप सत्रों में उच्च अंक प्राप्त करने के लिए, परीक्षार्थियों को यह प्रदर्शित करना चाहिए कि वे स्वाभाविक और सहज प्रतिक्रियाओं के साथ अप्रत्याशित प्रश्नों के उत्तर दे सकने में सक्षम हैं।
- सामान्य वार्तालाप में पाठ्यक्रम में निर्धारित विषयों में से कम से कम दो विषयों को शामिल किया जाना चाहिए: एक विषय क्षेत्र ए-बी से और एक क्षेत्र सी-डी से होना चाहिए।

**<u>भाग 1 – प्रस्तुति</u>**

परीक्षार्थी सामान्यत: परीक्षा के लिए अच्छी तरह से तैयार थे; विभिन्न केंद्रों के परीक्षार्थियों की प्रस्तुति के स्तर में असमानता थी। इस वर्ष चुने गए विषय विविध थे। रोचक प्रस्तुतियों के कई उदाहरण थे जहाँ परीक्षार्थियों ने गहन शोध और योजनाबद्ध रूप से तैयारी की थी। अधिकांश परीक्षार्थियों द्वारा विषय से संबंधित शब्दावली का धाराप्रवाह प्रयोग किया गया था। कुछ परीक्षार्थियों ने अपने विचारों और राय को आत्मविश्वास के साथ व्यक्त करने के लिए जटिल वाक्यों का उपयोग करने की क्षमता दिखाई। कमजोर प्रस्तुतियों में विषय की गहराई और सहजता की कमी थी।

**<u>भाग 2 – विषय वार्तालाप</u>**

विषय वार्तालाप परीक्षार्थियों द्वारा अपनी प्रस्तुति में कही गई बातों पर आधारित एक संवादात्मक वार्तालाप होना चाहिए। इस भाग के लिए समय 4 – 5 मिनट है ताकि विषय और प्रस्तुत सामग्री पर गहन चर्चा की जा सके। परीक्षकों को ऐसे प्रश्न नहीं पूछने चाहिए, जिनमें परीक्षार्थियों को प्रथम भाग में पहले से कही गई बातों को दोहराना पड़े, क्योंकि इससे परीक्षार्थियों द्वारा प्रयुक्त भाषा सीमित हो जाएगी।


© 2024

अधिकांश शिक्षक-परीक्षक परीक्षा के इस भाग को आयोजित करने में आश्वस्त थे, कुछ ने प्रत्येक परीक्षार्थियों की बात ध्यान से सुनी, तथा इस पाठ्यक्रम के लिए उपयुक्त स्तर और गहराई पर आधारित उत्कृष्ट जिज्ञासा पूर्ण प्रश्न पूछे। हालाँकि, यह सभी केंद्रों में एक समान रूप से नहीं हुआ। सबसे सफल वार्तालाप वे थे, जहाँ शिक्षक-परीक्षकों ने ऐसे ओपेन ऐंडेड प्रश्न पूछे, जो प्रासंगिक और तार्किक रूप से विषय से जुड़े हुए थे, जिससे परीक्षार्थियों को अपनी विषय संबंधित जानकारी, अनुभव, राय और औचित्य प्रदान करने के अवसर मिले।

**भाग 3 – सामान्य वार्तालाप**

सामान्य वार्तालाप में कम से कम दो विषयों को शामिल किया जाना चाहिए: एक क्षेत्र ए-बी से, दूसरा क्षेत्र सी-डी से। सामान्य वार्तालाप के लिए चुने गए विषयों को इस संभाषण परीक्षा में भाग दो, विषय वार्तालाप की सामग्री से दोहराना नहीं चाहिए। विषयों की पूरी सूची पाठ्यक्रम में उपलब्ध है।

सामान्य वार्तालाप में, सभी केंद्र आमतौर पर सीमित विषय क्षेत्रों को चुनते रहे। ज्यादातर क्षेत्र ए-बी, से लिए गए घरेरू जीवन, स्कूल की दिनचर्या, परिवार, बाहर खाना और छुट्टी आदि से संबंधित चुने गए प्रश्न IGCSE योग्यता के स्तर के लिए पर्याप्त चुनौतीपूर्ण नहीं थे। उन्हें एक बुनियादी स्तर पर रखा गया था, जिससे परीक्षार्थियों को व्यापक शब्दावली और विभिन्न व्याकरण सम्मत संरचनाओं पर अपनी पकड़ दिखाने के लिए विस्तारपूर्वक उत्तर देने के अवसर नहीं मिल पाए। सबसे अच्छा प्रदर्शन तब हुआ जब परीक्षार्थियों को विस्तार पूर्वक उत्तर देने का अवसर दिया गया, जहाँ वे भाषा पर अपनी पकड़ दिखा सकते थे, या जब वे सार्थक चर्चाओं में लगकर एक संवादात्मक तरीके से अपनी राय व्यक्त करते हुए अपने पक्ष का बचाव कर रहे थे।

**परीक्षा का संचालन**

अधिकांश शिक्षक-परीक्षक IGCSE हिंदी द्वितीय भाषा संभाषण परीक्षा की आवश्यकताओं से परिचित थे। संभाषण परीक्षा के सबसे अच्छे उदाहरण वे थे जहाँ परीक्षकों ने परीक्षार्थी का परिचय दिया, परीक्षा की तीन-भाग-संरचना को समझाया, उन्हें अपने चुने हुए विषय का शीर्षक बताने के लिए कहा, परीक्षा के प्रत्येक भाग का परिचय और अपनी संभाषण क्षमता की पूरी श्रृंखला को प्रदर्शित करने के लिए पर्याप्त अवसर दिए। कुछ परीक्षकों ने अपना परिचय देने का काम परीक्षार्थी पर छोड़ दिया। प्रस्तुति प्रारंभ करने से पहले परीक्षार्थी को प्रस्तुति के विषय का शीर्षक बताना चाहिए। मौखिक परीक्षा के अलग-अलग भागों का समय कुछ केंद्रों में पाठ्यक्रम में दिए गए मार्गदर्शन के अनुरूप नहीं था। भाग तीन या तो बहुत छोटा था या बहुत लंबा था। कुछ प्रश्न परीक्षक के ऐसे लम्बे वक्तव्य के रूप में थे जिनके उत्तर हाँ/नहीं के रूप में दिए जा सकते थे। ऐसे प्रश्नों से परीक्षार्थी को एक संवादात्मक परिचर्चा करने का अवसर नहीं मिल सकता था।

**रिकॉर्डिंग की गुणवत्ता**

सभी केंद्रों से भेजी गई रिकॉर्डिंग की गुणवत्ता अच्छी थी।

आंतरिक आकलन में मार्क स्कीम आम तौर पर अच्छी तरह से समझ कर लागू की गई थी। कुछ मामलों में परीक्षार्थी को दिए गए अंकों में बदलाव समायोजित किए गए। इसके कारण प्रस्तुति की सामग्री दोहराई जाने या पाठ्यक्रम के निर्देशों का पूरी तरह से पालन नहीं किए जाने के परिणाम स्वरूप परीक्षार्थी के व्याकरण सम्मत संभाषण कौशल, वाक्य संरचना और शब्द ज्ञान के नये/यथेष्ट प्रमाण नहीं मिल पाने थे।


© 2024

# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/03_English**
**Speaking**

## Key messages

- It is important to adhere to the stipulated timings for each part of the Speaking examination so as to be fair to all candidates. The timings should be Presentation, 2 – 3 minutes, Topic Conversation, 4 – 5 minutes and General Conversation, 4 – 5 minutes.
- **Part 2**, Topic Conversation and **Part 3**, General Conversation should be conducted as interactive conversations, not another presentation or monologues from candidates with a few questions from the Teacher/examiner. Simply delivering monologues will not provide opportunities to show comprehension and responsiveness skills and so will disadvantage candidates.
- Examiners should ensure that questions in both the Topic Conversation and General Conversation offer candidates plenty of opportunities to express opinions and justifications so as to reach the higher levels in the Mark Scheme.
- To achieve higher marks in the Conversation sessions, candidates need to demonstrate they can handle unexpected questions with natural and spontaneous responses.
- At least two topics should be covered in the General Conversation: one from Areas A–B and one from Areas C–D as set out in the syllabus.

## Part 1 – Presentation

The candidates were generally well-prepared for the examination; there was a full range of performance. The topics heard this year were diverse. There were many examples of interesting presentations where candidates showed evidence of thorough research and planning. Topic related vocabulary was fluently used by most candidates. Some candidates showed the ability to use complex sentences to express ideas and opinions with confidence. Weaker presentations were lacking in depth and spontaneity.

## Part 2 – Topic Conversation

The Topic Conversation should be an interactive conversation based on what candidates have said in their presentation. The timing for this part is 4 – 5 minutes to allow deeper discussions on the topic and the materials presented. Examiners should not ask questions which require candidates to repeat what they have already said in the Presentation, as this will restrict the range of language that candidates produce.

Most teacher-examiners were confident in conducting this part of the exam, some listened carefully to each candidate, asking a series of excellent searching questions pitched at a level and depth appropriate to this syllabus. Although, this did not happen across all the different centres. The most successful conversations were those where teacher-examiners asked open ended questions that were relevant and logically linked, which gave candidates opportunities to provide further information, experience, opinions and justifications.

## Part 3 – General Conversation

At least two topics should be covered in the General Conversation: one from Areas A and B, the other from Areas C–D. Topics chosen for the General Conversation should not overlap with the content of **Part Two**, Topic Conversation in this Speaking test. A full list of the topics can be found in the syllabus.

In the General Conversation, centres usually covered limited topic areas, mostly from Area A–B, Home life, school routine, Family, Eating out and Holiday) Many questions were not challenging enough for the level of IGCSE qualification. They were pitched at a basic level which did not give opportunity to provide extended responses for candidates to demonstrate their command of wider vocabulary and a variety of structures. The best performances were where candidates were given opportunities to provide extended responses where they could exhibit their command of the language, or when they were engaged in meaningful discussions, expressing and defending their own opinions in an interactive way.


© 2024

**Conduct of the test**

The majority of teacher-examiners were familiar with the requirements of the IGCSE Hindi as a Second Language Speaking test. The best examples of the Speaking Test were where the examiners introduced the candidates, explained the three-part composition of the test, asked them to state the title of their chosen topic, introduced each part of the test and gave ample opportunities to demonstrate the full range of their ability. Some examiners left it to the candidate to introduce themselves and start their Presentation. It is recommended that candidates state the title of their presentation before they start. The timing of individual sections did not always comply with the guidance given in the syllabus. Part three was either too short or too long. Some of the questions were long statements which could have Yes/No answers. It did not give them an opportunity to have an interactive discussion.

**Recorded sample: quality**

The quality of submitted recordings was good.

**Application of the mark scheme**

The mark scheme was generally well understood and applied correctly. In cases where downward adjustments to marks were made, this was often where material from the presentation was repeated or the General Conversation did not comply with the syllabus requirement and so candidates had not presented new evidence of language/structures.


© 2024